आकाशवाणी श्री विजयपुरम

14.11.2026 समय : 1905

1. द्वीप समूह में सरकारी और निजी स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को अपनाने के उद्देश्य से डॉक्टर्स मीट का आयोजन किया गया।

2. दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने कार्बाइन्स कोव तट पर छठ पूजा समारोह के शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुचारू संचालन के लिए व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त की है।

3. श्री विजयपुरम के राज्य पुस्तकालय में आज से राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का आयोजन।

4. खराब मौसम के कारण एम.वी. स्वराज द्वीप की श्री विजयपुरम से चेन्नई की निर्धारित यात्रा स्थगित कर दी गई है।

<><><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की कार्यक्रम प्रबंधन इकाई ने द्वीप समूह के सरकारी और निजी स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को अपनाने और एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक डॉक्टर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक के अलावा ANIIMS के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों और निजी स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थि थे। कार्यक्रम की शुरुआत ABDM के राज्य परियोजना प्रबंधक आर. विवेक के संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में द्वीप समूह में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच सामूहिक समन्वय और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद, ABDM के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. पी. लाल ने प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की विजन, उद्देश्यों और प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को अपनाने के लाभों को रेखांकित किया, ताकि एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रोगी की पूरी स्वास्थ्य यात्रा को व्यवस्थित रूप से रिकॉर्ड और प्रबंधित किया जा सके, जिससे मरीज जब चाहें अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से एक्सेस कर सकें।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम के कार्बाइन्स कोव तट पर कल और 16 नवंबर को छठ पूजा मनाई जाएगी। तट पर अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना को देखते हुए, दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने समारोह के शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त की है। दक्षिण अंडमान के एसडीपीओ ने व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और इस अवसर के लिए की गई सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पुलिस विभाग ने सभी आयोजकों से अनुरोध किया है कि वे स्थानीय पुलिस के साथ निरंतर समन्वय में रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि, सुरक्षा चिंता या अप्रिय घटना की तुरंत सूचना के लिए 112, 03192–232100 और 236641 पर संपर्क करें।

<><><><><><><><>

कृषि विभाग ने, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद– कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की एक प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की योजना, रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एम एस एम ई परफॉरमेंस योजना के तहत किसानों के लिए कमर्शियल नर्सरी तकनीक पर चार दिवसीय क्षेत्र–केंद्रित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम 16 से 19 नवंबर तक ICAR–कृषि विज्ञान केंद्र, सिप्पीघाट में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यवहार्य व्यावसायिक गतिविधि के रूप में व्यावसायिक नर्सरी स्थापित करने और प्रबंधित करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल प्रदान करना है, जिससे कृषि और बागवानी क्षेत्र में स्वरोजगार और आय–सृजन के अवसरों को बढ़ावा मिल सके। इस कार्यक्रम में नर्सरी स्थल का चयन और लेआउट, उगने वाले माध्यम की तैयारी, बीज उपचार, बुवाई, अंकुरण परीक्षण, रोपाई, पोषक तत्व और जल प्रबंधन, तथा वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक जैसे कटिंग, एयर लेयरिंग, ग्राफ्टिंग और बडिंग शामिल होंगे। प्रतिभागियों को कीट और रोग प्रबंधन, जैव–इनपुट की तैयारी, पॉटिंग, छंटाई, पौधों के

रखरखाव, ग्रेडिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग और बिक्री के लिए पौधों को संभालने में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के राज्य पुस्तकालय में आज से राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह के हिस्से के रूप में, शिक्षा निदेशालय द्वारा कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्गों के लिए पुस्तक प्रदर्शनी और विभिन्न साहित्यिक व रचनात्मक प्रतियोगिताओं, जैसे चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण और कहानी सुनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी बिंदु वर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। यह पुस्तक प्रदर्शनी 20 नवंबर तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर कल दोपहर 3 बजे आश्रम परिसर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में द्वीपों के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस उत्सव का उद्देश्य धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के साथ–साथ राष्ट्र और आदिवासी समुदाय के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद करना है, तथा जनजातीय गौरव, संस्कृति, परंपराओं और विरासत के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

खराब मौसम के कारण सोलह नवम्बर को एम.वी. स्वराज द्वीप की श्री विजयपुरम से चेन्नई की निर्धारित यात्रा स्थगित कर दी गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव का क्षेत्र तथा चक्रवाती तूफ़ान में तब्दील होने की संभावना के कारण इस यात्रा को स्थगित किया गया है। संशोधित समय–सारणी के अनुसार, एम.वी. स्वराज द्वीप अब 18 नवम्बर को शाम 4 बजे हैडो जेट्टी से चेन्नई के लिए रवाना होगी। यात्रियों से कहा गया है कि संशोधित समय–सारणी के अनुसार यात्री उसी टिकट पर यात्रा कर सकते है।

<><><><><><><>

आइलैंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ की वार्षिक आम सभा हाल ही में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांसद ने अपने संबोधन में व्यापार और उद्योगों से संबंधित कई मुद्दों विशेष रूप से पर्यटन उद्योग पर चर्चा की तथा द्वीप समूह के लिए आई सी सी आई द्वारा किए जा रहे किसी भी विकास कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सदस्यों और विशेष आमंत्रितों ने भाग लिया।

<><><><><><><>